## Part – III / भाग - III

## HINDI / हिन्दी

101. निम्नलिखित में से कौन सा कवि अकविता आन्दोलन से जुड़ा है ?

(1) सुदामा पाण्डेय 'धूमिल'

(2) अशोक वाजपेयी

(3) नरेश मेहता

(4) सौमित्र मोहन

102. छायावाद के किस कवि की दार्शनिक पृष्ठभूमि उसके उत्तरार्द्ध रचनाकाल में विवेकानन्द के विचारों से प्रभावित है ?

(1) जयशंकर प्रसाद

(2) महादेवी वर्मा

(3) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(4) सुमित्रानन्दन पंत

103. निम्नलिखित में से किस रचना की पृष्ठभूमि मछुआरा जीवन है ?

(1) कब तक पुकारूँ

(2) मछली मरी हुई

(3) सागर, लहरें और मनुष्य

(4) आधा गाँव

104. 'मिस्टर अभिमन्यु' नाटक के रचनाकार हैं –

(1) लक्ष्मी नारायण लाल

(2) लक्ष्मी नारायण मिश्र

(3) सुरेन्द्र वर्मा

(4) रमेश बक्षी

105. निम्नलिखित में से किस नाटक का सम्बन्ध कालिदास के जीवन प्रसंगों से है ?

(1) लहरों के राजहंस

(2) आषाढ़ का एक दिन

(3) एक कंठ विषपायी

(4) देहान्तर

106. 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' किस विधा की रचना है ?

(1) कहानी

(2) उपन्यास

(3) नाटक

(4) संस्मरण

107. 'रसमीमांसा' के लेखक हैं –

(1) नगेन्द्र

(2) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(3) रामचन्द्र शुक्ल

(4) रामविलास शर्मा

108. अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता का प्रश्न निम्नलिखित में से किस रचना में उठाया गया है ?

(1) अंधा कुआ

(2) मुआवजे

(3) आठवाँ सर्ग

109. निम्नलिखित में से किस कवि को मार्क्सवादी चेतना का कवि माना जाता है ?

(1) धर्मवीर भारती

(2) अज्ञेय

(3) हरिवंशराय बच्चन

(4) केदारनाथ सिंह

110. निम्नलिखित में से कौन सी रचना भारत की स्वतंत्रता के बाद लिखी गई ?

(1) शेखर : एक जीवनी

(2) त्यागपत्र

(3) आधा गाँव

(4) कल्याणी

111. 'मित्रो मरजानी' किसकी रचना है ?

(1) ममता कालिया

(2) मृदुला गर्ग

(3) कृष्णा सोबती

(4) मन्नू भण्डारी

112. 'प्रवासी के गीत' किसकी रचना है ?

(1) हरिवंशराय बच्चन

(2) रामेश्वर शुक्ल अंचल

(3) नरेन्द्र शर्मा

(4) रामधारीसिंह दिनकर

113. निम्नलिखित में से किस रचना में पौराणिक चरित्र नचिकेता के माध्यम से कवि अपना मत व्यक्त करता है ?

(1) संशय की एक रात

(2) आत्मजयी

(3) अंधायुग

(4) मुक्ति प्रसंग

114. निम्नलिखित में से किस कहानी के रचनाकार निर्मल वर्मा हैं ?

(1) सपाट चेहरे वाला आदमी

(2) लन्दन की एक रात

(3) एक और विदाई

(4) वापसी

115. 'आह बेदना मिली विदाई मैंने भ्रमवश जीवन संचित मधुकरियों की भीख लुटाई ।'

उपर्युक्त नाट्य गीत जयशंकर प्रसाद के किस स्त्री पात्र द्वारा गाया गया है ?

(1) सुवासिनी

(2) कोमा

(3) देवसेना

(4) मालविका

116. शेखर जोशी की कहानी इनमें से कौन सी है ?

(1) कोसी का घटवार

(2) मांस का दरिया

(3) जहाँ लक्ष्मी कैद है

(4) बन्द गली का आखिरी मकान

117. 'मांझी के पुल से कितनी दूर है
माझी का पुल ?
कौन बड़ा है
वह जो नदी पर खड़ा है मांझी का पुल
या जो टगां है लोगो के अन्दर ?'
इन पंक्तियों के रचनाकार हैं –

(1) केदारनाथ अग्रवाल

(2) केदारनाथ सिंह

(3) कुंवर नारायण

(4) धर्मवीर भारती

118. 'गीत फरोश' किसकी रचना है ?

(1) धर्मवीर भारती

(2) भवानीप्रसाद मिश्र

(3) हरिनारायण व्यास

(4) हरिवंशराय बच्चन

119. अभिधा शब्द शक्ति मूलत: किस प्रकार का अर्थ निर्धारण करती है ?

(1) प्रतीकात्मक अर्थ

(2) वाच्यार्थ (वास्तविक अर्थ)

(3) निहितार्थ

(4) व्यंग्यार्थ

120. 'सहृदय' की अवधारणा किस सम्प्रदाय से सम्बद्ध है ?

(1) ध्वनि

(2) अलंकार

(3) रस

(4) वक्रोक्ति

121. निम्नलिखित में से कौन सी रचना राजेन्द्र यादव की है ?

(1) सारा आकाश

(2) पुनर्नवा

(3) महाभोज

(4) परती परिकथा

122. रस सम्प्रदाय के प्रवर्तक हैं –

(1) अभिनवगुप्त

(2) भरत मुनि

(3) भामह

(4) आनन्दवर्धन

123. 'रस सिद्धान्त' निम्नलिखित में से किसकी रचना है ?

(1) रामविलास शर्मा

(2) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(3) रामचन्द्र शुक्ल

✓(4) नगेन्द्र

124. निम्नलिखित रचनाओं में से किस रचना का सम्बन्ध राम से नहीं है ?

(1) संशय की एक रात

(2) अग्निलीक

✓(3) प्रियप्रवास

(4) साकेत

125. निम्नलिखित में से किस कवि के यहाँ अभिधा शब्द शक्ति का वैशिष्ट्य स्पष्ट रूप से दिखाई देता है ?

(1) मैथिलीशरण गुप्त

(2) जयशंकर प्रसाद

✓(3) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(4) महादेवी वर्मा

126. 'तव मुख की सौन्दर्यता देती है आनन्द'

उपर्युक्त पंक्ति में कौन सा काव्य-दोष है ?

(1) च्युत संस्कृति दोष

(2) अप्रयुक्त दोष

✓(3) श्रुति कटु दोष (दु:श्रवता दोष)

(4) क्लिष्टता दोष

127. निम्नलिखित में से सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' की किस कविता में यथार्थवादी चेतना स्पष्ट रूप से दिखाई देती है ?

✓(1) कुकुरमुत्ता

(2) जूही की कली

(3) सरोज स्मृति

(4) राम की शक्तिपूजा

128. अलंकार सम्प्रदाय के प्रवर्तक हैं –

(1) दण्डी

✓(2) भामह

(3) आनन्दवर्धन

(4) कुंतक

129. निम्नलिखित में से किस आलोचक ने नई कविता की व्याख्या भी रस सिद्धान्त के अनुरूप की है ?

(1) रामचन्द्र शुक्ल

(2) नगेन्द्र

(3) नामवर सिंह

(4) विजयदेव नारायण साही

130. 'नीरवता-सी शिला चरण टकराता फिरता पवमान'

उपर्युक्त पंक्ति में कौन सा काव्य-दोष है ?

(1) दु:श्रवता

(2) अप्रयुक्त

(3) च्युत संस्कृति

(4) क्लिष्टता

131. निम्नलिखित में से कौन सी ओजगुण से सम्पन्न रचना की परिभाषा भरतमुनि ने दी ?

(1) समास की अधिकता ओज कहलाती है

(2) समासबद्ध पदों से युक्त, विविध एवं विचित्र उदार गुणों से सम्पन्न रचना

(3) अलंकार और गुण एक-दूसरे के सदृश

(4) लोकसीमा के अन्तर्गत एक वस्तु का धर्म जब अन्यत्र पूर्ण रूप से स्थापित किया जाय

132. किस छायावादी कवि की कविता में माधुर्य गुण की अधिकता को रेखांकित करते हुए आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने उसे 'मधुचर्या' का कवि कहा ?

(1) जयशंकर प्रसाद

(2) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(3) सुमित्रानन्दन पंत

(4) महादेवी वर्मा

133. निम्नलिखित में से हिन्दी का स्पर्श-स्वर है –

(1) क

(2) ल

(3) र

(4) ड़

134. 'कुरुक्षेत्र' कविता में मुख्य रस कौन सा है ?

(1) वीर

(2) शृंगार

(3) करुण

(4) वात्सल्य

135. रामचन्द्र शुक्ल ने निम्नलिखित में से किस पर अधिक बल दिया ?

(1) रस सिद्धांत

(2) अलंकार सिद्धांत

(3) ध्वनि सिद्धांत

(4) रीति सिद्धांत

136. 'गिरधारी' में कौन सा समास है ?

(1) तत्पुरुष

(2) अव्ययीभाव

(3) कर्मधारय

(4) बहुव्रीहि

137. 'उल्लंघन' शब्द का संधि-विच्छेद है –

(1) उल + लंघन

(2) उत् + लंघन

(3) उ + लंघन

(4) उल्लं + घन

138. निम्नलिखित में से कौन सा व्यंजन स्वरयंत्र मुखी संघर्षी व्यंजन है ?

(1) क

(2) ह

(3) य

(4) न

139. 'राम जाता है' – इनमें से किस प्रकार का वाक्य है ?

(1) आज्ञासूचक

(2) संदेहसूचक

(3) इच्छासूचक

(4) विधानसूचक

140. निम्नलिखित में से संयुक्त वाक्य का उदाहरण है :

(1) यह काम करो ।

(2) ईश्वर तुम्हें दीर्घायु करे ।

(3) गिलास हाथ से गिरा और टूट गया ।

(4) वह आया होगा ।

141. 'है अमानिशा उगलता गगन घन अंधकार' में अलंकार है :–

(1) मानवीकरण

(2) उत्प्रेक्षा

(3) उपमा

(4) यमक

142. 'निराकार' का संधि-विच्छेद है –

(1) नि: + आकार

(2) निर् + आकार

(3) निरा + आकार

(4) निराका + र

143. दीर्घ स्वर संधि का उदाहरण निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(1) रमेश

(2) रामाधार

(3) उल्लंघन

(4) प्रत्युत्तर

144. 'लाश' किस भाषा का शब्द है ?

(1) फारसी
(2) अरबी
(3) पुर्तगाली
(4) तुर्की

145. 'मिलाप' शब्द में कौन सा प्रत्यय है ?

(1) अप
(2) आप
(3) प
(4) लाप

146. ''कहती हुई यों उत्तरा के नेत्र जल से भर गए
हिम के कणों से पूर्ण मानो हो गए पंकज नए ।''
इन पंक्तियों में कौन सा छन्द है ?

(1) रोला
(2) हरिगीतिका
(3) सोरठा
(4) बरवै

147. 'कर्ण' शब्द का तद्भव रूप है –

(1) कार्य
(2) कण्व
(3) कान
(4) करन

148. निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता समाचार लेखन से जुड़ी नहीं है ?

(1) नवीनता
(2) संक्षिप्तता
(3) स्पष्टता
(4) विरोधाभास

149. रेडियो लेखन के अन्तर्गत ध्वनि रूपक निर्माण के लिए आवश्यक नहीं है :

(1) संगीत
(2) मंच सज्जा
(3) आलेख
(4) सूत्रधार की ध्वनि

150. 'अधि' उपसर्ग का उदाहरण इनमें से किस शब्द के माध्यम से दिया जा सकता है ?

(1) आधार
(2) अधूरा
(3) अधर
(4) अध्याय

151. 'देवदत्त चौकन्ना हो गया'– इस वाक्य में कौन सी शब्द-शक्ति है ?

(1) अभिधा
(2) लक्षणा
(3) व्यंजना
(4) तात्पर्या

152. प्रयोजनमूलक हिन्दी में किस तत्त्व का अभाव होता है ?

(1) स्पष्टता
(2) तथ्यपरकता
(3) संप्रेषणीयता
✓(4) कल्पनाशीलता

153. 'हाथ कंगन को आरसी क्या' का अर्थ है –

(1) रहस्यमयता बनाए रखना
✓(2) प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं
(3) निन्दा प्रस्ताव के रूप में प्रस्तुत करना
(4) काम न आने पर बहाना ढूँढ़ना

154. 'विषय की मूल-वस्तु तक सीधे तथा तत्काल प्रवेश करो और अनावश्यक शब्दों और विशेषणों से बचो' – यह निर्देश किस लेखन से सम्बन्धित है ?

✓(1) समाचार लेखन
(2) साक्षात्कार
(3) सम्पादकीय
(4) फीचर लेखन

155. दूरदर्शन के विज्ञापनों में प्रतिबंधित है –

(1) ज्ञानवर्धक सूचनाएँ
(2) सरकारी योजनाएँ
✓(3) हिंसा एवं यौन प्रसंग
(4) स्वास्थ्यवर्धक जानकारियाँ

156. टिप्पण लेखन से तात्पर्य है –

✓(1) किसी पुस्तक की समीक्षा
(2) सरकारी पत्र व्यवहार का मसौदा
(3) किसी विषय पर उच्चाधिकारी द्वारा लिखी गई टिप्पणी
(4) अनुस्मारक भेजना

157. निम्नलिखित में से कौन सी विधा सर्जनात्मक साहित्य के अन्तर्गत नहीं आती ?

(1) कविता
(2) कहानी
(3) निबंध
✓(4) आलोचना

158. प्रारुपण का अर्थ है –

(1) व्यक्तिगत पत्र लेखन
(2) सरकारी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित पत्र
✓(3) सरकारी कार्य विधि में प्रयुक्त पत्र का कच्चा मसौदा
(4) प्रार्थना पत्र

159. 'आंगन के पार द्वार' के रचनाकार हैं –

(1) धर्मवीर भारती
(2) प्रभाकर माचवे
✓(3) सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय'
(4) भारत भूषण अग्रवाल

160. चन्दबरदाई की रचना है –

(1) बीसलदेव रासो

(2) पृथ्वीराज रासो

(3) जयचन्द्र प्रकाश

(4) रणमल्ल छन्द

161. 'अपने पौरुष से हताश जाति के लिए भगवान की शक्ति और करुणा की ओर ध्यान ले जाने के अतिरिक्त दूसरा मार्ग ही क्या था ?' यह कथन किसका है ?

(1) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(2) धीरेन्द्र वर्मा

(3) नगेन्द्र

(4) रामचन्द्र शुक्ल

162. अपभ्रंश शब्द का प्रयोग सबसे पहले कहाँ देखने को मिलता है ?

(1) सूरदास की रचना में

(2) भरतमुनि की रचना में

(3) राजा धार सेन द्वितीय के शिलालेख में

(4) तुलसीदास की रचना में

163. 'प्रबंध चिन्तामणि' के रचनाकार हैं –

(1) जैनाचार्य मेरुतुंग

(2) हेमचन्द्र

(3) वल्लभाचार्य

(4) कालिदास

164. अंदाल की रचना इनमें से कौन सी है ?

(1) तिरुप्पावइ

(2) पूर्वमीमांसा भाष्य

(3) चौरासी वैष्णवों की वार्ता

(4) गीत गोविन्द

165. 'संतन को कहां सीकरी सों काम ?

आवत जात पनहियां टूटी, बिसरि गयो हरि नाम ।।'

उपर्युक्त पंक्तियों के रचनाकार हैं :

(1) सूरदास

(2) परमानन्द दास

(3) कुंभन दास

(4) नाभादास

166. खड़ीबोली हिन्दी का प्रथम कवि कौन माना जाता है ?

(1) अमीर खुसरो

(2) नानक

(3) तुलसीदास

(4) गुरु गोविन्द सिंह

167. 'भक्तमाल' के रचयिता हैं –

(1) सूरदास

(2) तुलसीदास

(3) जायसी

(4) नाभादास

168. 'पद्मावत' को 'सूफी-काव्य' मानने से इनकार करने वाले आलोचक इनमें से कौन हैं ?

(1) रामचन्द्र शुक्ल

(2) हजारीप्रसाद द्विवेदी

✓(3) विजय देवनारायण साही

(4) नामवर सिंह

169. 'कविता उनकी शृंगारी है, पर प्रेम की उच्च भूमि पर नहीं पहुँचती, नीचे ही रह जाती है ।' बिहारी की कविता के सन्दर्भ में यह कथन किस आलोचक का है ?

(1) रामविलास शर्मा

✓(2) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(3) रामचन्द्र शुक्ल

(4) नामवर सिंह

170. 'सुदामा चरित्र' किसकी रचना है ?

(1) कबीरदास

(2) सूरदास

(3) रहीम

✓(4) नरोत्तमदास

171. नूर मुहम्मद की रचना इनमें से कौन सी है ?

(1) हंस जवाहिर

✓(2) इन्द्रावती

(3) ज्ञानद्वीप

(4) चित्रावली

172. ''प्रेम की पीर' ही को लेकर इनकी वाणी का प्रादुर्भाव हुआ ।'– आलोचक रामचन्द्र शुक्ल का यह कथन रीतिकाल के किस कवि के सन्दर्भ में है ?

✓(1) घनानन्द

(2) मतिराम

(3) केशवदास

(4) रसनिधि

173. 'हिन्दी नई चाल में ढलीं' यह कथन किस आधुनिक कालीन साहित्यकार का है ?

(1) प्रताप नारायण मिश्र

(2) हरिवंशराय बच्चन

(3) मैथिलीशरण गुप्त

✓(4) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

174. इनमें से कौन-सी रचना चिन्तामणि की नहीं है ?

(1) साहित्य दर्पण

(2) काव्य विवेक

(3) कवि कुल कल्पतरु

✓(4) काव्य प्रकाश

175. केशवदास की रचना इनमें से कौन सी है ?

(1) माधवानल कामकंदला

(2) दूषण विचार

(3) मदनाष्टक

✓(4) जहांगीर जस चंद्रिका

176. 'नासिकेतोपाख्यान' किसकी रचना है ?

(1) लल्लूलाल

(2) सदल मिश्र

(3) शिवप्रसाद सितारे हिन्द

(4) इंशाअल्ला खां

177. 'मृणाल' किस उपन्यास के स्त्री चरित्र का नाम है ?

(1) सेवा सदन

(2) गोदान

(3) त्यागपत्र

(4) शेखर : एक जीवनी

178. 'ध्रुव स्वामिनी' नाटक का चरित्र निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(1) रामगुप्त

(2) सिंहरण

(3) विशाख

(4) स्कन्दगुप्त

179. 'भारतेन्दु मण्डल' के लेखकों में इनमें से कौन से लेखक नहीं हैं ?

(1) शिवप्रसाद सितारे हिन्द

(2) प्रताप नारायण मिश्र

(3) लाला श्रीनिवास दास

(4) बालकृष्ण भट्ट

180. 'रक्षाबंधन' कहानी के लेखक हैं –

(1) जयशंकर प्रसाद

(2) किशोरी लाल गोस्वामी

(3) विश्वंभरनाथ शर्मा कौशिक

(4) बंग महिला

181. 'दूसरी परम्परा की खोज' के लेखक हैं :

(1) रामविलास शर्मा

(2) अशोक वाजपेयी

(3) मैनेजर पाण्डेय

(4) नामवर सिंह

182. 'नौकर की कमीज' साहित्य की किस विधा की रचना है ?

(1) नाटक

(2) उपन्यास

(3) कहानी

(4) आत्मकथा

183. निम्नलिखित में से कौन सा कवि 'तारसप्तक' का नहीं है ?

(1) रामविलास शर्मा

(2) प्रभाकर माचवे

(3) गजानन माधव मुक्तिबोध

(4) रघुवीर सहाय

184. 'संस्कृति के चार अध्याय' के लेखक हैं –

(1) राम विलास शर्मा

(2) नामवर सिंह

(3) वासुदेव शरण अग्रवाल

(4) रामधारी सिंह दिनकर

185. 'अपने-अपने अजनबी' साहित्य की किस विधा की रचना है ?

(1) नाटक

(2) उपन्यास

(3) जीवनी

(4) आत्मकथा

186. 'चिन्ता' किस रचना के सर्ग का शीर्षक है ?

(1) झरना

(2) आंसू

(3) कामायनी

(4) लहर

187. 'ग्रंथि' किस रचनाकार की रचना है ?

(1) महादेवी वर्मा

(2) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

(3) सुमित्रानन्दन पंत

(4) जयशंकर प्रसाद

188. 'अंधेरे में' नामक प्रसिद्ध कविता के रचनाकार हैं :

(1) नागार्जुन

(2) शमशेर बहादुर सिंह

(3) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

(4) गजानन माधव मुक्तिबोध

189. कुंवर नारायण किस 'सप्तक' के कवि हैं ?

(1) तारसप्तक

(2) दूसरा सप्तक

(3) तीसरा सप्तक

(4) चौथा सप्तक

190. निम्नलिखित में से कौन सी रचना महादेवी वर्मा की नहीं है ?

(1) नीहार

(2) रश्मि

(3) नीरजा

(4) गुंजन

191. इनमें से कौन सी काव्य-कृति सुदामा पाण्डेय 'धूमिल' की रचना है ?

(1) कल सुनना मुझे

(2) शहर अब भी संभावना है

(3) यहाँ से देखो

(4) कंकावती

192. ''यह रक्तपात कब तक समाप्त होना है ।
दोनों पक्षों को खोना ही खोना है ।।''

उपर्युक्त पंक्तियाँ किस रचना में हैं ?

(1) सात गीत वर्ष

(2) अंधेरे में

(3) अंधायुग

(4) कुरुक्षेत्र

193. 'सूर्य की अंतिम किरण से सूर्य की पहली किरण तक' किस विधा की रचना है ?

(1) उपन्यास

(2) कहानी

(3) आत्मकथा

(4) नाटक

194. ''छोड़ द्रुमों की मृदु छाया

तोड़ प्रकृति से भी माया

बाले ! तेरे बाल-जाल में कैसे उलझा

दूँ लोचन ?''

उपर्युक्त चर्चित पंक्तियों के रचनाकार है –

(1) महादेवी वर्मा

(2) धर्मवीर भारती

✓(3) सुमित्रानन्दन पंत

(4) रामकुमार वर्मा

195. ''ये उपमान मैले हो गए हैं

देवता इन प्रतीकों के कर गए हैं कूच

कभी वासन अधिक घिसने से मुलम्मा छूट

जाता है।''

उपर्युक्त पंक्तियाँ निम्नलिखित में से किस कवि की हैं ?

(1) शमशेर बहादुर सिंह

(2) प्रभाकर माचवे

(3) धर्मवीर भारती

✓(4) सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय'

196. 'तुलसीदास' किसकी काव्य रचना है ?

✓(1) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(2) जयशंकर प्रसाद

(3) सुमित्रानन्दन पंत

(4) नरेश मेहता

197. निम्नलिखित में से कौन सा निबंध हजारी-प्रसाद द्विवेदी द्वारा लिखित है ?

(1) करुणा

(2) मेरे राम का मुकुट भीग रहा है

✓(3) नाखून क्यों बढ़ते हैं

(4) लालतारा

198. यशपाल द्वारा रचित निम्नलिखित में से कौन सा उपन्यास भारत के विभाजन की त्रासदी पर आधारित है ?

(1) पार्टी कामरेड

(2) दादा कामरेड

(3) दिव्या

✓(4) झूठा सच

199. 'वैर क्रोध का अचार या मुरब्बा है।'

यह कथन किस निबंधकार का है ?

(1) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(2) महावीर प्रसाद द्विवेदी

✓(3) रामचन्द्र शुक्ल

(4) श्याम सुन्दर दास

200. विजय देवनारायण साही का काव्य संग्रह है –

(1) अनागता की आँखे

(2) मछलीघर

(3) धरती और स्वर्ग

✓(4) सूर्य का स्वागत